भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1116
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 10 फरवरी, 2025
21 माघ, 1946, (शक)

नासिक की सांस्कृतिक और पुरातात्विक विरासत का संरक्षण और संवर्धन

1116. श्री राजाभाऊ पराग प्रकाश वाजे:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार प्राचीन मंदिर, किले, विरासत स्थल और गोदावरी नदी वाले नासिक शहर के अत्यंत पुरातात्विक और सांस्कृतिक महत्व से अवगत है और यदि हां, तो उनके संरक्षण, पुनरूद्धार और मरम्मत के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या सरकार नासिक की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के महत्व को स्वीकार करती है, खासकर आगामी कुंभ मेला 2027 के मद्देनजर और यदि हां, तो क्या इस उद्देश्य के लिए पर्याप्त धन आवंटित किया जाएगा ;

(ग) यदि हां, तो नासिक के सांस्कृतिक और पुरातात्विक स्थलों के संरक्षण के लिए चल रही और प्रस्तावित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है, साथ ही उनके पूरा होने की समय-सीमा क्या है;

(घ) क्या सरकार नासिक के ऐतिहासिक और सास्कृतिक महत्व को देखते हुए वहां पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का एक क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या सरकार प्रभावी संरक्षण प्रयासों, सामुदायिक भागीदारी और विशेष मार्गदर्शन सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय निकायों और हितधारकों को अतिरिक्त सहायता और संसाधन प्रदान करने का प्रस्ताव रखती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, महाराष्ट्र के नासिक जिले स्थित 11 संरक्षित स्मारकों/स्थलों में सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार उनका संरक्षण और रख-रखाव संबंधी कार्य करता है।

(ख): संरक्षित स्मारकों का संरक्षण और परिरक्षण किया जाना एक सतत् प्रक्रिया है। तथापि, संरक्षित स्मारकों की आवश्यकता और संरक्षित स्मारकों के रख-रखाव के लिए अनुमोदित वार्षिक संरक्षण कार्यक्रम के अनुसार पर्याप्त निधियां आवंटित की जाती हैं।

(ग): नासिक जिले के केंद्रीय संरक्षित स्मारकों में किए गए संरक्षण और रख-रखाव कार्यों का ब्यौरा **अनुबंध-I** में संलग्न है।

(घ): ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ड.) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण स्मारकों में संरक्षण और विकासात्मक कार्य करता है, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ कुशल शिल्पकारों/कारीगरों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होते हैं और इससे सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित होती है। साथ ही, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण आवश्यकता के अनुसार कुछ मामलों में विशेष अध्ययन के लिए आईआईटी/सीबीआरआई जैसे प्रतिष्ठित संगठनों से भी सहायता लेता है।

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक 10.02.2025 को उतरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1116 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

नासिक जिले के केंद्रीय संरक्षित स्मारकों में किए गए संरक्षण और रखरखाव कार्यों का विवरण

2019-20

स्मारक का नाम	कार्य का नाम
पांडवलेना गुफाएं	नासिक ,जिला-नासिक में पांडवलेना गुफाओं में बेंच ,डस्टबिन ,संकेतक आदि जैसी पर्यटक सुविधाएं उपलब्ध कराना
	नासिक स्थित पांडव लीना गुफाओं में गुफा संख्या 13 से 24 तक वर्षा जल निकासी एवं मरम्मत का कार्य
	नासिक स्थित पांडवलेना गुफाओं की पहाड़ी के नीचे से पहाड़ी की चोटी की ओर पहुंच मार्ग और सीढ़ियां उपलब्ध कराना
अंजानेर, जिला नासिक में मंदिरों का पुराना समूह (1-15)	नासिक में पुराने मंदिर समूह (1-15) की मरम्मत और संरक्षण
	अंजानेर, जिला नासिक में पुराने मंदिर समूह में मंदिर क्रमांक 4,5,13,15 और 16 का जीर्णोद्धार एवं संरक्षण

2020-21

स्मारक का नाम	कार्य का नाम
पांडवलेना गुफाएं , नासिक	नासिक में पांडवलेना गुफाओं की पहाड़ी के नीचे से पहाड़ी की चोटी की ओर पहुंच मार्ग और सीढ़ियां उपलब्ध कराना
अंजनेरी नासिक में मंदिर का पुराना समूह (15-1)	अंजनेरी नासिक में मंदिर का पुराना समूह (15-1)

2021-22

स्मारक का नाम	कार्य का नाम
देवथान ,जिला नासिक. में हिंदू मंदिर	देवथान में हिंदू मंदिर का संरक्षण ।
अंजनेरी, जिला नासिक में मंदिरों का पुराना समूह	अंजनेरी में पुराने मंदिर समूह की मरम्मत ।
नासिक में पांडवलेना गुफाएं	नासिक में पांडवलेना गुफाओं की पहाड़ी के नीचे से पहाड़ी की चोटी की ओर पहुंच मार्ग और सीढ़ियां उपलब्ध कराना
	नासिक में पांडवलेना गुफाओं में गुफा संख्या 13 से 24 तक वर्षा जल निकासी और मरम्मत की व्यवस्था

2022 -23

स्मारक का नाम	कार्य का नाम
अंजनेरी , जिला -नासिक में मंदिरों का पुराना समूह	अंजनेरी , जिला -नासिक के पुराने मंदिर समूह(समूह ,01-मंदिर संख्य 06-की विशेष मरम्मत
	अंजनेरी , जिला -नासिक के पुराने मंदिर समूह(समूह ,02-मंदिर सं01- की विशेष मरम्मत
पांडवलेना गुफाएं , जिला नासिक	नासिक स्थित पांडवलेना गुफाओं में पर्यटक सुविधाएं उपलब्ध कराना
गोंडेश्वर मंदिर ,सिन्नर , जिला - नासिक ।	सिन्नर , जिला - नासिक स्थित गोंडेश्वर मंदिर में सार्वजनिक सुविधाएं

2023-24

स्मारक का नाम	कार्य का नाम
सिन्नर, जिला -नासिक स्थित ऐश्वर मंदिर .	सिन्नर ,जिला - नासिक में ऐश्वर मंदिर के संरक्षित क्षेत्र में एमएस ग्रिल बाड़ लगाने का मुख्य कार्य
	सिन्नर , जिला - नासिक में ऐश्वर मंदिर में सार्वजनिक सुविधाओं का मुख्य कार्य
अंकाई गुफाएं ,जिला -नासिक	मनमाड, जिला - नासिक में अंकाई गुफाओं में पर्यटक सुविधाओं का मुख्य कार्य
पांडवलेना गुफाएं ,जिला - नासिक	नासिक में पांडवलेना गुफाओं में शौचालय का निर्माण
	नासिक में पांडवलेना गुफाओं की गुफा संख्या 25 से आगे रिटेनिंग वॉल और पथ के निर्माण का मुख्य कार्य
देवथान में हिन्दू मंदिर	नासिक के देवथांदिष्ट में हिंदू मंदिर का संरक्षण
अंजनेरी में मंदिरों का पुराना समूह	अंजनेरी में पुराने मंदिर समूह की मरम्मत

*****